# ई अटेंडेंस अनिवार्य, नहीं लगाने वाले शिक्षकों के विरुद्ध होगी कार्रवाई

नवभारत न्यूज

**बैतूल, 2 अप्रैल. संभागायुक्त कृष्ण गोपाल तिवारी ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट बैतूल में विभिन्न विभागों की योजनाओं एवं कार्यक्रमों की विस्तृत समीक्षा की।**

राजस्व प्रकरणों का गुणवत्तापूर्ण निराकरण किया जाए

पेजयल व्यवस्था सुचारु रहे, शिकायतों का करें निराकरण

बैठक में कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अक्षत जैन, संयुक्त आयुक्त नवल मीना सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। संभागायुक्त श्री तिवारी ने ई-ऑफिस प्रणाली के क्रियान्वयन की समीक्षा करते हुए सभी एसडीएम को निर्देशित किया कि तहसील कार्यालयों में आवक-जावक व्यवस्था को सुदृढ़ बनाया जाए तथा समस्त कार्य केंद्रीयकृत रूप से ई-ऑफिस के माध्यम से ही किए जाएं, ताकि फाइलों की मॉनिटरिंग कार्यालय प्रमुख से लेकर वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा की जा सके। उन्होंने ट्रेजरी से संबंधित आहरण एवं राहत सहित सभी कार्य भी ई-ऑफिस पर ही संचालित करने के निर्देश दिए। राजस्व प्रकरणों को समय-सीमा में दर्ज करने के लिए रीडर को पाबंद करने तथा प्रकरणों के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि संबंधित पक्षों को तामिली समय पर प्राथमिकता से कराई जाए तथा लोक सेवा गारंटी के प्रकरणों का भी समय पर प्राथमिकता से निराकरण सुनिश्चित किया जाए।



स्कूल शिक्षा विभाग एवं जनजातीय कार्य विभाग अंतर्गत उन्होंने विद्यार्थियों के नामांकन, शिक्षकों के सेवा स्थापना संबंधी प्रकरण, ई-अटेंडेंस तथा निशुल्क पाठ्यपुस्तक वितरण की समीक्षा की और निर्देशित किया कि सभी शिक्षक अनिवार्य रूप से ई-अटेंडेंस दर्ज करें, नहीं दर्ज करने वाले शिक्षकों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए वेतन आहरण नहीं किया जाए। उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी एवं जिला परियोजना समन्वयक को शत-प्रतिशत ई-अटेंडेंस सुनिश्चित करने तथा ई-अटेंडेंस नहीं लगाने वाले शिक्षकों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। निशुल्क पाठ्यपुस्तक वितरण का सतत मॉनिटरिंग करने के साथ ही नवनियुक्त माध्यमिक एवं प्राथमिक शिक्षकों की परिवीक्षा अवधि समाप्त करने के प्रकरणों की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए गए। उन्होंने शिक्षकों की पदोन्नति, क्रमोन्नति, प्रथम एवं द्वितीय समयमान वेतनमान तथा अनुकम्पा नियुक्ति के लंबित प्रकरणों को शीघ्र निराकृत करने और अनावश्यक लंबित रखने वाले कर्मचारियों के विरुद्ध कार्रवाई करने के निर्देश दिए। साथ ही सांदीपनी स्कूलों के भवन निर्माण तथा प्रगतिरत छात्रावास निर्माण कार्यों को समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए।

**गर्भवती महिलाओं के पंजीयन में कमी पर नाराजगी :** स्वास्थ्य एवं महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा करते हुए उन्होंने अनमोल पोर्टल पर गर्भवती महिलाओं के पंजीयन में कमी पर नाराजगी जताई तथा कम प्रगति वाले ब्लॉकों में संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने एनीमिया मुक्त अभियान के तहत एनीमिक महिलाओं की व्यवस्थित जांच, उपचार एवं पोर्टल पर एंट्री सुनिश्चित करने के निर्देश दिए तथा मातृ मृत्यु दर के सभी प्रकरणों की नियमित समीक्षा कर आवश्यक उपाय के निर्देश दिए। सिकल सेल उन्मूलन, टीबी उन्मूलन सहित अन्य स्वास्थ्य योजनाओं की समीक्षा करते हुए उन्होंने निर्देशित किया कि सभी एसडीएम अपने-अपने क्षेत्रों में स्वास्थ्य योजनाओं की नियमित मॉनिटरिंग करें तथा सभी स्वास्थ्य संस्थानों में फायर सेफ्टी ऑडिट अनिवार्य रूप से सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी आंगनवाड़ी सभी निर्धारित दिवसों पर अनिवार्य रूप से खुले। सभी बच्चे नियमित आंगनवाड़ियों में आए।

### लंबित प्रकरणों के निराकरण करने के निर्देश

संभागायुक्त ने आदिवासी वित्त विकास निगम अंतर्गत संचालित संत रविदास स्वरोजगार योजना, डॉ. भीमराव अंबेडकर आर्थिक कल्याण योजना, टंट्या मामा आर्थिक कल्याण योजना एवं भगवान बिरसा मुंडा स्वरोजगार योजना की समीक्षा करते हुए सभी प्रकरणों का शत-प्रतिशत वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उच्च शिक्षा विभाग अंतर्गत गांव की बेटी योजना, प्रतिभा किरण एवं मेधावी योजना के तहत छात्रवृत्ति प्रकरणों की समीक्षा कर लंबित प्रकरणों का प्राथमिकता से निराकरण करने के लिए निर्देशित किया। खेल एवं युवा कल्याण विभाग की गतिविधियों की समीक्षा करते हुए विभागीय समन्वय के साथ खेल आयोजनों के प्रभावी संचालन के निर्देश दिए।

### समग्र ई-केवायसी की समीक्षा

उन्होंने समग्र ई-केवाईसी की जनपद एवं निकायवार समीक्षा कर शेष कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए तथा जल गंगा संवर्धन अभियान एवं जल संचय जनभागीदारी अभियान के अंतर्गत जल संरक्षण एवं संवर्धन की गतिविधियों को प्रभावी ढंग से संचालित करने पर जोर दिया। प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत प्रगतिरत कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने तथा ग्रीष्म ऋतु में सभी जनपदों एवं निकायों में पेयजल व्यवस्था सुचारू बनाए रखने के निर्देश दिए। अमृत योजना के तहत जल संरचनाओं के निर्माण कार्यों को भी समय-सीमा में पूर्ण करने को कहा गया। संभागायुक्त ने सभी मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को निर्देशित किया कि स्वच्छता, स्वच्छ पेयजल, प्रकाश व्यवस्था जैसी आधारभूत सुविधाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए तथा जर्जर भवनों को चिन्हित कर उनके डिस्मेंटल की कार्रवाई की जाए। सभी नगरीय निकाय स्वास्थ्य के सभी पैरामीटर्स पर भी सक्रिय रहें।

## एक नजर में

### स्थानीय रोजगार की मांग उठी

**पाथाखेड़ा।** औद्योगिक नगरी सारनी में स्थानीय रोजगार को लेकर एक बार फिर माहौल गरमा गया है। सतपुड़ा ठेकेदार एसोसिएशन के अध्यक्ष नागेन्द्र निगम ने मध्य प्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी के मुख्य अभियंता को ज्ञापन सौंपकर 70 प्रतिशत रोजगार स्थानीय युवाओं को देने की जोरदार मांग उठाई है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में बढ़ती बेरोजगारी के बीच बाहरी श्रमिकों को प्राथमिकता देना स्थानीय लोगों के साथ अन्याय है। निगम ने पावर हाउस में कार्यरत बाहरी श्रमिकों की बिना पुलिस वेरिफिकेशन और मेडिकल परीक्षण एंट्री पर गंभीर सवाल खड़े किए। उन्होंने चेताया कि बिना जांच के श्रमिकों को अनुमति देना सुरक्षा के लिए खतरा बन सकता है। ज्ञापन में यह भी मांग की गई कि वर्क ऑर्डर जारी करते समय स्थानीय ठेकेदारों को प्राथमिकता दी जाए तथा सभी श्रमिकों का अनिवार्य सत्यापन सुनिश्चित किया जाए, ताकि रोजगार और सुरक्षा दोनों मजबूत हो सकें।

### पंचशील बुद्ध विहार को भेंट किया वाटर फ्रीजर

**बैतूल।** पंचशील बुद्ध विहार सदर में चंद्रशेखर वार्ड निवासी बाबूराव शेषकर द्वारा उनकी धर्मपत्नी स्वर्गीय पुष्पा शेषकर की स्मृति में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान बाबूराव शेषकर एवं परिवार द्वारा पंचशील बुद्ध विहार प्रबंधन समिति की उपस्थिति में पानी का वाटर फ्रीजर भेंट किया गया, जिसे विहार में आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए समर्पित किया गया। श्रद्धांजलि सभा में परिवारजनों एवं समिति के सदस्यों ने स्वर्गीय पुष्पा शेषकर को श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में निधि शेषकर, निखिल शेषकर, वन्दना, विकल्प नागले, कुंती आठनेरे, मीना अतुलकर, हितेश बर्डे, मधुकर राव शेषकर, एनके मांडवे, बाबूराव शेषकर, कमल घोघरकर, बलवंतराव शेषकर, मयंक बर्डे, डॉ मनोज वरवड़े, दिनेश मानकर सहित अन्य परिजन एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी ने स्वर्गीय पुष्पा शेषकर के प्रति श्रद्धा व्यक्त करते हुए उनके सामाजिक योगदान को याद किया। यह सुविधा उपासकों, भिक्षुओं और आमजन को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से समर्पित की गई।

## मुलताई में बहू ने की सास की हत्या, आरोपी को किया गिरफ्तार

**मुलताई। थाना क्षेत्र में घरेलू विवाद के चलते एक बुजुर्ग महिला की मौत हो गई। पुलिस ने इस मामले में आरोपी बहू को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया है।**

थाना प्रभारी नरेंद्र सिंह परिहार ने बताया कि ग्राम पिपरिया निवासी शारदा चिकाने (55) ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि 19 फरवरी की सुबह 9 बजे रश्मि चिकाने उनके घर के सामने आई और लकड़ी से उनके सिर पर हमला कर दिया, जिससे शारदा गंभीर रूप से घायल हो गईं। रिपोर्ट के अनुसार, आरोपी रश्मि ने इससे पहले अपनी 82 साल सास प्रमिला बाई चिकाने के साथ भी मारपीट की थी, जिससे उन्हें गंभीर चोटें आईं। इस घटना में दिनेश पाठेकर और कलश पाठेकर भी घायल हुए थे। सभी घायलों को तुरंत मुलताई अस्पताल ले जाया गया। प्रमिला बाई की हालत गंभीर होने के कारण उन्हें एम्स भोपाल रेफर किया गया। 23 फरवरी को इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में पुष्टि हुई कि उनकी मौत मारपीट से लगी चोटों के कारण हुई थी। इसके बाद पुलिस ने मामले में हत्या की धारा 103(1) बीएनएस जोड़ दी।



**आरोपी बहू को कोर्ट में पेश कर भेजा जेल :** मुलताई पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी रश्मि चिकाने (47) को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने घटना में इस्तेमाल की गई लकड़ी भी जब्त कर ली है। आरोपी को न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया। पुलिस अधीक्षक वीरेन्द्र जैन ने कहा कि पारिवारिक विवादों का हिंसा में बदलना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे विवादों का समाधान बातचीत और कानूनी तरीकों से करें।

## सापना नदी घाट पर चलाया स्वच्छता अभियान

**बैतूल।** जल गंगा संवर्धन अभियान 2026 के अंतर्गत ग्राम पंचायत बडोरा में सापना नदी घाट पर जनसमुदाय की सक्रिय भागीदारी से स्वच्छता अभियान चलाया गया। मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद की जिला समन्वयक श्रीमती प्रिया चौधरी ने कार्यक्रम के दौरान सुरक्षित कल-समृद्ध कल का संदेश दिया। इस अवसर पर उपस्थित सभी ग्रामीणों ने जल संरक्षण का संकल्प लेते हुए पानी की हर एक बूंद को बचाने का प्रण लिया। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत बडोरा की सरपंच श्रीमती सविता धुर्वे ने जल संरक्षण के महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए। अभियान के तहत जल स्रोतों की साफ-सफाई एवं पूजन के साथ कार्यक्रम की शुरुआत माता मंदिर के पास घाट पर की गई। साथी हाथ बढ़ाना की भावना के साथ जनसहयोग से यह पुनीत कार्य संपन्न हुआ। जल के प्रति जन जागरूकता के लिए आयोजित इस श्रमदान में मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के परामर्शदाता राजू बी.आठनेरे, आशीष कोंकने, जन अभियान परिषद के परामर्शदाता, नवांकुर संस्था अंश सेवा समिति, भूपेंद्र महिला एवं बाल उत्थान समिति के सदस्य समाजसेवी अरविंद धुर्वे मौजूद रहे।



## आस्था और हर्षोल्लास के साथ मनाया पवन पुत्र हनुमान जी का जन्म महोत्सव

**मुलताई।** पवित्र नगरी में श्रीराम भक्त हनुमान जी का जन्मोत्सव आस्था एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया । इस अवसर पर मातृशक्ति एवं बजरंग दल द्वारा बजरंग दल चौक से भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में धुमाल पर बज रहे भक्ति गीतों एवं बैंड बाजो की थाप पर युवाओ ने जमकर डांस करते हुए जय जय श्रीराम के जयकारे लगाए। शोभायात्रा बजरंग दल चौक से नागपुर नाका, गांधी चौक, थाना रोड से भ्रमण कर ताप्ती तट स्थित हनुमान मंदिर पहुचीं। जहां हनुमान जी की आरती के साथ शोभायात्रा का समापन हुआ। इस दौरान शोभायात्रा पर जगह जगह पुष्पवर्षा की गई एवं शोभायात्रा में शामिल श्रद्वालूओं को शरबत एवं स्वल्पआहार वितरित किया गया। इस दौरान शोभायात्रा मे देवी देवताओं की मनमोहक झाकियां शोभायात्रा में देवी देवताओं की मनमोहक झाकियां भी शामिल हुई। फव्वारा चौक पर सेतु निर्माण एवं हनुमानजी की स्थाई झांकी के अलावा भगवान राम रथ की झांकी, कालीजी की जीवंत झांकी, झाँसी की रानी कि झाकी आकर्षण का केंद्र रही।



**रंग बिरंगी रोशनियों से सजे नजर आए हनुमान मंदिर :** हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर मंदिरों की फूलों से सुन्दर साज सज्जा की गई। बडे हनुमान जी के मंदिर को रंगबिरंगी रोशनियो एवं भगवा तोरण से सजाया गया। इसके अलावा भी सभी हनुमान मंदिरों की साज सज्जा की गई। सुबह 4 बजे से श्रद्वालूओं का आना शुरू हो गया था। बड़े हनुमान मंदिर में । ब्रम्ह मुहूर्त में हनुमानजी की प्रतिमा का अभिषेक कर चोला चढाकर वेशभूषा पहनाई गई। जिसके बाद सुबह 7 बजे हनुमानजी की आरती के बाद महाआरती कर प्रसाद वितरण किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुचकर पूजा अर्चना कर हनुमान चालीसा का पाठ किया। वहीं शाम 7 बजे हनुमानजी के दर्शनों के लिए श्रद्धालुओ की भीड़ उमड़ी। बड़े हनुमान मंदिर में शाम बजे से भंडारा प्रसादी दौर चालू हुआ, जो रात्रि तक चलता रहा।

**गांधी चौक में हुआ प्राचीन हनुमानजी के झंडे का पूजन :** नगर के गांधी चौक में प्राचीन समय से चली आ रही श्री रामलीला के प्रारंभ होने के पूर्व हनुमान जी का ध्वज स्थापित किया गया था। मान्यता है कि श्री रामलीला के आरंभ होने से समापन तक स्वयं हनुमान जी लीला में उपस्थित रहकर लीला में पाठ करने वालो पात्रों की रक्षा करते है। वही श्री रामलीला की शुरूआत शारदेय नवरात्रि की अष्टमी से होती है, शुरूआत के 6 दिवस के पुर्व हनुमान के झंडे पर ध्वजारोहण कर हनुमान की आव्हान किया जाता है।

## सारनी पुलिस ने लूट के फरार आरोपी को किया गिरफ्तार

**पाथाखेड़ा।** जिले में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से चलाए जा रहे अभियान के तहत सारनी पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस अधीक्षक वीरेन्द्र जैन के निर्देशन में फरार एवं आदतन अपराधियों की धरपकड़ के लिए सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में थाना सारनी पुलिस ने लूट के मामले में लंबे समय से फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी अजीमुद्दीन (निवासी शाहदरा, नई दिल्ली) से 25 अगस्त 2025 को बगडोना क्षेत्र में लूट की घटना हुई थी। आरोपी युवकों ने सस्ते में कमरा दिलाने का झांसा देकर पीड़ित को सुनसान स्थान पर ले जाकर मारपीट की और उसका मोबाइल, नकदी सहित जरूरी दस्तावेज लूट लिए थे। इस प्रकरण में पूर्व में दो आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी थी, जबकि तीसरा आरोपी रविंद्र उर्फ भोला फरार था। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेजा गया इस कार्रवाई में थाना प्रभारी जयपाल इनवाती सहित पुलिस टीम की अहम भूमिका रही। पुलिस ने आमजन से सतर्क रहने एवं संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तत्काल देने की अपील की है।

## जल योद्धा सम्मान से सम्मानित हुईं भारती अग्रवाल

**पाथाखेड़ा।** जिला कलेक्टर नरेन्द्र सूर्यवंशी के द्वारा जल संरक्षण और जल सुरक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय एवं प्रेरणादायक कार्यों के लिए भारती महिला मंडल संस्था की अध्यक्ष भारती अग्रवाल को प्रतिष्ठित जल योद्धा सम्मान से सम्मानित किया गया। यह सम्मान बेंगलुरु स्थित आर्ट ऑफ लिविंग इंटरनेशनल सेंटर के विशालाक्षी मंडप में आयोजित भव्य समारोह में आध्यात्मिक गुरु रविशंकर के द्वारा प्रदान किया गया। यह गरिमामय आयोजन नीति आयोग, जल शक्ति मंत्रालय, ग्रामीण विकास मंत्रालय सहित विभिन्न राष्ट्रीय संस्थाओं के सहयोग से संपन्न हुआ। कार्यक्रम में आईआईटी रुड़की, एसोचैम एवं अंतरराष्ट्रीय साझेदार देशों की सहभागिता भी रही। अग्रवाल के नेतृत्व में ग्राम स्तर पर जल संरक्षण, जल सुरक्षा एवं जनजागरूकता के प्रभावी कार्यों ने उन्हें इस सम्मान तक पहुंचाया। चयन प्रक्रिया के दौरान संस्था की पारदर्शिता, कार्यप्रणाली और सामाजिक प्रभाव का गहन मूल्यांकन किया गया, जिसमें उनकी टीम का समर्पण प्रमुख रहा। इस उपलब्धि पर उन्होंने जिला प्रशासन सहित सभी सहयोगी विभागों का आभार व्यक्त करते हुए इसे सामूहिक प्रयासों की सफलता बताया।



## नाबालिग का अपहरण कर डेढ़ लाख में बेचा, तीन गिरफ्तार

**बैतूल।** 17 वर्षीय नाबालिग बालिका के अपहरण और उसे बेचने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पुलिस ने इस मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि एक आरोपी अभी फरार है। थाना मोहदा क्षेत्र में 4 नवंबर 2025 को शाम करीब 7 बजे नाबालिग बालिका घर से लापता हो गई थी। परिजनों ने आशंका जताई थी कि उसे किसी अज्ञात व्यक्ति ने बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया है। शिकायत के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक वीरेन्द्र जैन के निर्देशन में विशेष टीम बनाई गई। जांच के दौरान पता चला कि मुख्य आरोपी सागर दशपुरे बालिका को अपने साथ महाराष्ट्र ले गया था। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 19 मार्च 2026 को बालिका को सकुशल बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। अगले दिन उसे न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया। जांच के दौरान पुलिस को बड़ा खुलासा हुआ कि आरोपी ने बालिका को 1 लाख 50 हजार रुपये में बेच दिया था। इस मामले में शामिल सह-आरोपी धर्मू (निवासी हरदा) और सुनील पटेल (निवासी अमरावती) को 1 अप्रैल 2026 को गिरफ्तार किया गया। पुलिस के अनुसार इस मामले में एक अन्य आरोपी अभी फरार है, जिसकी तलाश जारी है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही उसे भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा। पुलिस अधीक्षक ने लोगों से अपील की है कि बच्चों की सुरक्षा को लेकर सतर्क रहें। किसी भी संदिग्ध गतिविधि या गुमशुदगी की स्थिति में तुरंत पुलिस को सूचना दें, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके।



सौगात | 60-60 सीटर बालक-बालिका छात्रावासों सहित 6 ट्रेड शेड भवन का होगा निर्माण

## बैतूल आईटीआई में निर्माण कार्यों के लिए 14.11 करोड़ रुपये स्वीकृत

**बैतूल। आदिवासी बाहुल्य बैतूल जिले में तकनीकी शिक्षा को सुविधा संपन्न बनाने के लिए ठोस प्रयास करते हुए प्रदेश भाजपा अध्यक्ष, बैतूल विधायक हेमंत खंडेलवाल की विशेष पहल पर जिला मुख्यालय बैतूल स्थित शासकीय आईटीआई सहित शासकीय एकलव्य महिला आईटीआई कोसमी में भिन्न निर्माण कार्यों के लिए मध्यप्रदेश शासन तकनीकि शिक्षा कौशल विकास एवं रोजगार विभाग द्वारा विभिन्न निर्माण कार्यों के लिए 14 करोड़ 11 लाख पांच हजार रुपए स्वीकृत किए हैं।**

शासकीय आई टी आई बैतूल और शासकीय एकलव्य महिला आई टी आई कोसमी के छात्र-छात्राओं को तकनीकि शिक्षा और आवासीय सुविधाओं की उपलब्धता की चिंता करते हुए श्री खंडेलवाल ने बालक और बालिका छात्रावासों सहित ट्रेड शेड भवन निर्माण के लिए उक्त राशि स्वीकृत करवाई है।

**दूरदराज के बच्चों को मिलेगी आवासीय सुविधा :** उल्लेखनीय है कि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष,बैतूल विधायक की पहल पर आई टी आई बैतूल में तकनीकि शिक्षा लेने वाले सुदूर ग्रामीण अंचलों और दूरदराज के छात्र छात्राओं को आवासीय सुविधा मिलेगी। जिला मुख्यालय बैतूल में संचालित आई टी आई में छात्रावास भवन नहीं होने से ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चे किराए से मकान लेकर तकनीकी शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। परिसर में 60 सीटर सर्वसुविधा युक्त बालक छात्रावास का निर्माण होने से छात्रों को आई टी आई परिसर में ही आवासीय सुविधा मिलेगी। इंडस्ट्रियल एरिया कोसमी बैतूल में संचालित शासकीय एकलव्य महिला आईटीआई में 120 सीटर बालिका छात्रावास पूर्व से निर्मित है। आईटीआई में छात्राओं की दर्ज संख्या अधिक होने से छात्राओं द्वारा लंबे समय से एक और छात्रावास निर्माण की माँग की जा रही थी। जिसे गंभीरता से लेकर श्री खंडेलवाल ने कोसमी आई टी आई परिसर में 60 सीटर बालिका छात्रावास निर्माण के लिए राशि स्वीकृत करवाई है। छात्रावासों का निर्माण ऐसे छात्र छात्राओं के लिए लाभकारी सिद्ध होगा जो ग्रामीण एवं दूरदराज क्षेत्रों से आकर तकनीकी शिक्षा प्राप्त करना चाहते हैं, लेकिन आवासीय सुविधा के अभाव में कठिनाइयों का सामना करते हैं। छात्रावास बनने से विद्यार्थियों को सुरक्षित और सुलभ रहने की सुविधा मिलेगी, जिससे उनकी पढ़ाई में निरंतरता बनी रहेगी। महिला आईटीआई में नए ट्रेड भवनों के निर्माण से नए ट्रेड प्रारंभ होंगे जिससे छात्राओं के लिए तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में नए अवसर खुलेंगे और उन्हें विभिन्न व्यावसायिक कौशलों में प्रशिक्षण प्राप्त करने का अवसर मिलेगा।

### 2 छात्रावास, 6 ट्रेड शेड भवन का होगा निर्माण

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं बैतूल विधायक के विशेष प्रयासों से मध्य प्रदेश शासन तकनीकी शिक्षा कौशल विकास एवं रोजगार विभाग द्वारा व्यावसायिक प्रशिक्षण का सुदृढ़ीकरण एवं विस्तार अंतर्गत बैतूल आईटीआई में 60 सीटर छात्रावास निर्माण के लिए 3 करोड़ 41 लाख 58 हजार रुपए की राशि स्वीकृत की है। इसके साथ ही शासकीय एकलव्य महिला आईटीआई कोसमी बैतूल में 60 सीटर बालिका छात्रावास निर्माण के लिए 3 करोड़ 42 लाख 79 हजार रुपए तथा 6 ट्रेड शेड भवन निर्माण के लिए 7 करोड़ 26 लाख 68 हजार की राशि स्वीकृत की ।

## कोयला के अवैध उत्खनन से बने गड्ढे किये बंद

**बैतूल।** कलेक्टर नरेंद्र कुमार सूर्यवंशी के निर्देशानुसार जिले में अवैध खनन परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत खनिज विभाग बैतूल के खनिज अमले के द्वारा 31 मार्च 2026 को घोड़ाडोंगरी तहसील के ग्राम डुल्हारा में स्थित तवा नदी क्षेत्र से खनिज कोयले के अवैध उत्खनन की सूचना प्राप्त होने पर आकस्मिक निरीक्षण किया गया। मौका निरीक्षण के दौरान नदी क्षेत्र से किसी भी व्यक्ति को खनिज कोयला का उत्खनन/परिवहन करते नहीं पाया गया, किन्तु 02 स्थानों पर अवैध रूप से कोयले का उत्खनन कर निकालने से बने ताजे गड्ढे पाये गये। उक्त स्थानों के आसपास कोयला के अवशेष एवं रखने के चिन्ह, निशान पाये गये।



उक्त आकस्मिक जांच के दरम्यान रात्रि का समय हो जाने कारण गडढों को बंद करने की कार्यवाही नहीं की जा सकी। उक्त क्षेत्र में खनिज कोयला के अवैध उत्खनन के संबंध में ग्रामीणों से जानकारी प्राप्त करने का प्रयास किया गया, किन्तु उनसे किसी प्रकार की जानकारी प्राप्त नहीं हो सकी। दूसरे दिन 1 अप्रैल 2026 को पुन: उक्त स्थल का निरीक्षण किया गया। जांच के दौरान तवा नदी क्षेत्र के अंदर बने एक गड्ढे को जेसीबी मशीन की सहायता से नदी की धारा को मोड़कर पानी तथा आसपास के मिट्टी, मुरूम, बोल्डर से भरकर बंद किया गया तथा दूसरा गड्ढा नदी के किनारे सुरंगनुमा संरचना का पाया गया, जिसे भी मिट्टी, मुरूम, बोल्डर से भरकर पूर्णतः बंद कराया गया। निरीक्षण के दौरान, उक्त स्थल के आसपास किसी भी व्यक्ति को खनिज कोयला का अवैध उत्खनन, परिवहन, भण्डारण करते नहीं पाया गया। गौरतलब है कि पूर्व के वर्षों में भी खनिज विभाग द्वारा उक्त स्थल से खनिज कोयला के अवैध उत्खनन, परिवहन, भण्डारण की रोकथाम के लिए कठोर कार्यवाही की गई थी। वर्तमान में भी उक्त क्षेत्र के आसपास खनिज कोयला के अवैध उत्खनन, परिवहन, भण्डारण की रोकथाम के लिए सतत निगरानी रखी जा रही है।